<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 05.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, 5 कार्यदिवस होंगे, 8 तारीख को द्वितीय अनुपूरक बजट होगा पेश, सत्तापक्ष ने सत्र को लेकर किया मंथन, भाजपा की बैठक 7 दिसंबर को।

2. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी आज वार्ता, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रूस के रक्षा मंत्री का किया स्वागत, कहा–दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मिलेगी मजबूती।

3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा दो दिनों के दौरे पर आज आएंगे देवघर, पार्टी के नए कार्यालय का करेंगे उद्घाटन, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा।

4. झारखंड उच्च न्यायालय ने पेसा नियमावली लागू करने को लेकर राज्य सरकार से मांगा जवाब, बालू घाटों तथा लघु खनिजों के आवंटन पर पहले से लगी रोक भी बरकरार।

और

5. गोड्डा में झारखंड राज्य जूनियर वालीबॉल चैंपियनशिप का आज होगा आगाज, राज्य भर की कई टीमें होंगी शामिल।

******************

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। सदन की कार्यवाही पूर्वाहन 11 बजे शुरू होगी। 11 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा सत्रावधि में जारी अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियां सदन के पटल पर रखी जाएंगी। वहीं, शोक प्रस्ताव भी पेश किए जाएंगे। यह सत्र पांच कार्य दिवसों का होगा। इस दौरान सदन में कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश किए जाने के साथ अहम विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

******************

उधर, विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सत्ता पक्ष में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और सीपीआई एमएल के विधायकों की अहम बैठक हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता मैं हुई इस बैठक में सत्र के दौरान रणनीति निर्धारण को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा सरकार की उपलब्धियां को सदन में जोरदार तरीके से रखने का निर्णय हुआ। इस बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जनसरोकार से जुड़े सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से दिया जाएगा।

साउंड बाइट– शिल्पी नेहा तिर्की ऑन बैठक – 25 सेकंड

दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक 7 दिसंबर को होगी। इस बैठक में सत्र के दौरान सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचार–विर्माश करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत की सरकारी दौरे पर कल शाम नई दिल्ली पहुँचे। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री पुतिन का आज सुबह राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग पर 22वें भारत–रूस अंतर–सरकारी आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने भारत दौरे पर आए रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव का नई दिल्ली में स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत के रक्षा मंत्री के साथ उनकी होने वाली यह बैठक दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की दिशा में सकारात्मक प्रतिफल देने वाली साबित होगी।

******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा देवघर के दो दिवसीय दौरे पर आज शाम आएंगे। वे 6 दिसंबर को बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने के उपरांत पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। वे यहां कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विधायक श्री सीपी सिंह ने कहा कि श्री नड्डा के आने से कार्यकर्ता उत्साहित है, क्योंकि उन्हें उनका मार्गदर्शन मिलेगा।

******************

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत है। सरकार की योजनाओं के लिए फंड की कोई कमी नहीं है।

******************

राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक आठ दिसम्बर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली मंत्री परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

******************

राज्य में पेसा नियमावली कब से लागू होगा, इसे लेकर झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान तथा न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस बाबत दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार का पक्ष सुना। वहीं, अदालत ने बालू घाटों तथा लघु खनिजों के आवंटन पर पहले से लगी रोक को बरकरार रखा है।

******************

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची के द्वारा जमशेदपुर के पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र में इस महीनें की छह तथा तेरह तारीख को विशेष अभियान के तहत एक सौ पासपोर्ट अप्वाइंटमेंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां इस महीनें की विभिन्न तारीखों में मोबाइल वैन भी उपलब्ध रहेगा, जिसके जरिए प्रति कार्य दिवस पचास पासपोर्ट अप्वाइंटमेंट जारी किए गए हैं।

******************

साहिबगंज जिले में स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित बांस के विभिन्न उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाइट– आनंद कुमार ओझा, साहिबगंज– 42 सेकेंड

******************

मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में आज से अगले तीन दिनों तक शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रांची, रामगढ़, बोकारो, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा शामिल है।

इधर, रांची जिला प्रशासन ने बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर के चौक–चौराहों के साथ ग्रामीण इलाकों में अलाव की व्यवस्था की है। इसके तहत सभी प्रखंडों के हाट– बाजारों और जरूरतमंद आबादी वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुचारु रुप से चलती रहे, उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

******************

गोड्डा की मेजबानी में झारखंड राज्य जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आज आगाज होगा। तीन दिनों तक चलने वाली चैंपियनशिप में पूरे राज्य की बालक और बालिका टीम हिस्सा लेगी। इस प्रतियोगिता के लिए रांची जिला बालक एवं बालिका टीम की घोषणा कर दी गई है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा के आज से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गर्वनर ने विश्वविद्यालय बिल पर मिली आपत्तियों पर मांगा जवाब।
प्रभात खबर ने लिखा है– कांग्रेस की बैठक में विधायक–मंत्री में नोकझोंक, इरफान को खरी–खोटी सुनायी।
हिन्दुस्तान ने झारखंड चीटफंड घोटाले में ईडी छापे की खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक जागरण लिखता है – रिम्स परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज, विरोध भी शुरू।

**********समाप्त*********